रजिस्ट्री सं० डी एल—33001/98

REGISTERED NO. DL—33001/98

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 15] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 11, 1998 (चैत्र 21, 1920)
No. 15] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 11, 1998 (CHAITRA 21, 1920)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालयों द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	257
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	323
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	1
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	498
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के विवरण तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिसमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)।	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उपखण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचना	359
भाग III—खण्ड 2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	489
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	*
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं।	1047
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	67
भाग IV—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को बताने वाला सम्पूरक	*

*जोड़े प्राप्त नहीं हुए

CONTENTS

PAGE

PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 257

PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 323

PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence 1

PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence 495

PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . . . .

PART II—SECTION 2—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 of Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territorie) . *

PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence . *

PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comproller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India . 359

PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs 489

PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners . . . . . *

PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 1047

PART IV—Advertisements and Notices issued by private Individuals and private Bodies . 67

PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc., both in English and Hindi *

*Folios not received

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 27 मार्च 1998

सं. 33-प्रेज/98—दिनांक 15 जून, 1996 के भारत के राजपत्र के भाग 1 खण्ड 1 में प्रकाशित राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना सं. 74-प्रेज/96, दिनांक 20 मई, 1996 में श्री दिनेश कुमार, कांस्टेबल, दिल्ली पुलिस, दिल्ली को वीरता के लिए प्रदत्त पुलिस पदक को पुलिस पदक से संबंधित नियमों के नियम 8 के अंतर्गत रद्द किया जाता है और पदक जब्त किया जाता है।

एम. के. शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 30 मार्च 1998

सं. 66-प्रेज/98—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियों को "सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

(मरणोपरान्त)

1. श्रीमती सम्मान्नी प्रामीला,
गांव दोड्डीजनमपेट,
शादनगर मण्डल,
जिला महबूबनगर,
आन्ध्र प्रदेश।

श्रीमती सम्मान्नी प्रामीला अपने तीसरे प्रसव के लिए गोकीबाली गांव में अपने माता-पिता के यहां आई हुई थी। प्रसव के कुछ माह बाद, 5-1-1997 को लगभग दोपहर के समय वह अपनी भाभी के साथ कपड़े धोने के लिए गांव के तालाब, "बरोला कुन्टा" पर गई। श्रीमती करीमा बेगम भी अपनी पुत्री कु. शहनाज (14 वर्ष) तथा पुत्र मास्टर मो. यूसुफ (9 वर्ष) के साथ कपड़े धोने के लिए उस तालाब पर आई। इसी बीच तीन और बच्चे, अर्थात् सलाउद्दीन (12 वर्ष), मो. रसाक (12 वर्ष) तथा अनवर पाशा (13 वर्ष) भी तालाब पर आए और वे सभी मो. यूसुफ के साथ तैरने के लिए तालाब में उतर गए। चूंकि वे तैरना नहीं जानते थे इसलिए वे गहरे पानी में डूबने लगे। यह देखकर श्रीमती करीमा बेगम ने मदद के लिए चीख-पुकार की। उनकी चीख-पुकार सुनकर श्रीमती प्रामीला जो अपने छः माह के बच्चे को दूध पिला रही थीं बच्चे को वहीं छोड़ मदद के लिए घटना स्थल पर दौड़ी आई और अपने प्रथम प्रयास में एक बच्चे अर्थात् मास्टर अनवर पाशा को सुरक्षित बचा लाने में सफल हुई। दूसरे बच्चों को बचाने के लिए वह फिर से तालाब में कूद गई। परन्तु दहशत के मारे उन सभी ने उनको इस प्रकार से जकड़ लिया कि वह अपना नियंत्रण खो बैठीं और डूब गई। तत्पश्चात्, श्रीमती प्रामीला तथा चार बच्चों के शव तालाब से निकाले गए।

2. श्रीमती सम्मान्नी प्रामीला ने एक बच्चे की जान बचाने में अदम्य साहस एवं तत्परता का परिचय दिया और तालाब में अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रहे अन्य चार बच्चों को बचाने के प्रयास में अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया।

(मरणोपरान्त)

2. श्री एतवा ओरांव उर्फ एतवा खालखो,
गांव एवं डा. बुड्हा खुखरा,
थाना मन्डार,
जिला रांची,
बिहार।

26 जून, 1994 मन्डार में बाजार का दिन था। सारे स्थान पर बाजार से लौटने वाले लोगों की भीड़ लगी हुई थी। यकायक कोयल नदी में पानी का स्तर बढ़ गया और पानी तेज गति से पुल के ऊपर से होकर बहने लगा। श्री एतवा ओरांव ने, जो होली फैमिली हास्पिटल, मन्डार में चपरासी थे, बाढ़ग्रस्त कोयल नदी को पार करने में अनेक लोगों की मदद की। उन्होंने नदी में डूबने से सात लोगों की जान बचाई। आठवें व्यक्ति की जान बचाने का प्रयास करते समय वह स्वयं पानी के प्रवाह में बह निकले और परिणामस्वरूप उनकी मृत्यु हो गई। बाद में 30-6-1994 को गांव "लेवाजाड" के पास उनकी सड़ी-गली लाश मिली।

2. श्री एतवा ओरांव उर्फ एतवा खालखो ने बाढ़ग्रस्त नदी को पार करने में ग्रामवासियों की मदद करके और सात व्यक्तियों को डूबने से जान बचाने में करुणा, साहस तथा तत्परता का परिचय दिया। इस प्रकार एक और व्यक्ति की जान बचाने का प्रयास करते हुए उन्होंने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया।

(मरणोपरान्त)

3. कु. सैफाली चौधरी,
(पायलट आफीसर)
गांव व डा. लोढणा गोटनी,
तहसील खुर्जा,
जिला बुलन्दशहर,
उत्तर प्रदेश ।

तेजपुर (असम) में 115 एच यू ए एफ में तैनात एयर फोर्स पायलेट, पायलेट आफिसर, सैफाली चौधरी 24 मार्च, 1996 को इस यूनिट के तीन अधिकारियों तथा उनके परिवारजनों के साथ एयर फोर्स स्टेशन से 25 कि. मी. दूरभराली नदी पर, जो कि संयोगवश इस स्टेशन पर तैनात एयर फोर्स कार्मिक के लिए एक मनपसंद स्थल है, पिकनिक स्थल है, पिकनिक मनाने गए । जिस स्थान पर वे खेल रहे थे वहां लगभग घुटनों तक गहरा पानी था । सभी उनमें से एक अधिकारी अचानक फिसल गया । यह देखकर उनमें से एक अन्य अधिकारी की पत्नी उनके बचाव के लिए आगे आई, लेकिन वह भी नदी की धारा में बह निकली । पायलेट आफिसर सैफाली चौधरी के साथ खड़े अधिकारी ने उनसे मदद के लिए आने का अनुरोध किया तथा धारा में बही जा रही पत्नी तथा अपने साथी अधिकारी दोनों को बाहर खींच निकालने के लिए आगे आया इसी बीच, पायलेट आफीसर सैफाली चौधरी ने अपनी सुरक्षा के बारे में एक क्षण भी सोच-विचार किए बिना दूसरी तरफ से कवर करने के लिए पानी में छलांग लगा दी । अपनी पत्नी तथा दूसरे अधिकारी को बचाने के बाद, अधिकारी ने यह देखा कि पायलेट आफीसर सैफाली चौधरी नदी के प्रवाह में बह चली थीं । इससे पहले कि उन्हें बचा लिया जाता बहुत देर हो गई थी और उन्हें मृत घोषित कर दिया गया ।

2. पायलेट आफीसर सैफाली चौधरी ने अपने एक साथी अधिकारी तथा एक महिला की जान बचाने में निःस्वार्थ तथा वीरतापूर्ण प्रयास करते हुए उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया और अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया ।

4. जी एस-174077 ए ओवरसीयर सैयद मोहम्मद जाकी
मस्जिद दरोगा महबूबजान, (मरणोपरान्त)
जिला रामपुर,
उत्तर प्रदेश ।

पुष्पक परियोजना के अंतर्गत 405 सड़क अनुरक्षण प्लाटून के जी एस-174077ए ओवरसीयर सैयद मोहम्मद जाकी मिजोरम राज्य में निर्माणाधीन कालकुल-सिम्बना सड़क पर तैनात थे । 10 सितम्बर, 1996 को लगभग 11.00 बजे जब वे अधीक्षक बी/आर ग्रेड-2, डी एम भल्ला के साथ सड़क पर 101.50 कि. मी. पर पत्थर संग्रहण के कार्य का पर्यवेक्षण कर रहे थे तभी उन्होंने देखा कि खदान के ऊपर से एक शिलाखंड नीचे आ रहा है । उस स्थान पर 15 दिहाड़ी मजदूर काम कर रहे थे । इन 15 दिहाड़ी मजदूरों की जान को खतरे की आशंका से ओवरसियर सैयद मोहम्मद जाकी ने उनका ध्यान आकृष्ट करने के लिए शोर मचाया तथा उन्हें गिरते हुए शिलाखंड के रास्ते से हट जाने को कहा । उनकी आवाज सुनकर दो को छोड़कर बाकी सभी मजदूर उनकी ओर दौड़े आए । ये दो मजदूर जो थोड़ी दूरी पर थे, उनकी चेतावनी को सुन नहीं सके । यह सोचकर कि इन दो कार्मिकों की जान बचाने की दूसरी कोई संभावना नहीं है, वह उनकी ओर दौड़ पड़े तथा उस शिलाखंड के रास्ते से उन्हें परे धकेल दिया ऐसा करते हुए शिलाखंड ओवरसियर सैयद मोहम्मद जाकी को आ लगा और वह घाटी में जा गिरे । इससे उन्हें गंभीर चोट आई । एक मजदूर, माधू हेम्ब्रम को भी चोटें आईं । उन दोनों को निकालकर तत्काल सिविल अस्पताल नगोपा ले जाया गया । ओवरसियर सैयद मोहम्मद जाकी, जो कि होश में थे, अस्पताल जाते-जाते उन मजदूरों की कुशल-क्षेम पूछते रहे । चोटें लगने के कारण उनकी मौत हो गई । अपनी मौत से ठीक पहले भी उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि सभी दिहाड़ी मजदूर सुरक्षित हैं ।

2. इस प्रकार, जी एस-174077ए ओवरसियर सैयद मोहम्मद जाकी ने अदम्य साहस, बहादुरी, जिम्मेदारी तथा दायित्व की उच्च भावना का परिचय दिया और शिलाखंड से चोट लगने से 15 मजदूरों की जान बचाई । इस प्रक्रिया में उन्होंने अपने जीवन का बलिदान दे दिया ।

एस. के. शरीफ
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 67-प्रेज/98—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियों को "उत्तम जीवन रक्षा पदक" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. श्रीमती सुनन्दा,
पत्नी श्री तीरथप्पा,
मन्डारथी गांव,
उडुपी तालुक,
जिला उडुपी,
कर्नाटक ।

14-2-1997 को जब सभी कुली (मजदूर), जिनमें स्त्रियां भी शामिल थीं । काम करने के लिए श्री रंगनाथ की काफी इस्टेट में गए हुए थे तो ताड़ के पत्तों से बने झोंपड़ों में जहां वे रह रहे थे, अचानक आग लग गई । कुलियों (मजदूरों) के 1 से 10 वर्ष के बीच की आयु के 22 बच्चे, जो उन झोंपड़ों में रह गए थे, झोंपड़ों में ही फंस रह गए और रोने-चिल्लाने लगे ।

2. बच्चों की चीख-पुकार सुन कर श्रीमती सुनन्दा, जो घटना स्थल से लगभग 100 गज की दूरी पर ही काम कर रही थीं, वहां दौड़ी आईं । हिम्मत करके उन झोंपड़ों के अंदर घुस गईं । उन्होंने देखा कि आग पास के टाइलों से बने मकान में फैल चुकी थी और दो बच्चे (10 वर्ष की गीता और 6 वर्ष की सविता) पहले ही अपनी जान गवां चुके थे । 22 बच्चे जलती

हुई झोपड़ियों में फंसे हुए थे। वह बच्चों को झोपड़ों तथा टाइल के मकानों से बाहर निकाल लाने में सफल हुई और इस प्रकार उन्होंने अपनी जान को गंभीर जोखिम में डालकर उन बच्चों की जानें बचा लीं। दो बच्चों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के अलावा, 57 मजदूरों की लगभग 40,000/- रुपए की सम्पत्ति आग में नष्ट हो गई।

3. श्रीमती सुनन्दा ने अपनी जान के जोखिम की परवाह न करते हुए आग की दुर्घटना में 22 बच्चों की जान बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया।

2. श्री आर. टी. प्रभाकर, (मरणोपरान्त)
पुत्र श्री टी. रामप्पा,
टुबीनक्टी गांव,
हरिहर तालुक,
जिला चित्रदुर्ग,
कर्नाटक।

18-9-1996 को लगभग शाम को 5.30 बजे उच्चंगी गांव के नवोदय विद्यालय के विद्यार्थी और अध्यापक भगवान गणेश की मूर्ति को पास के तालाब में विसर्जन के लिए ले गए। तालाब लगभग 1000 मीटर लंबा और 660 मीटर चौड़ा है और पानी की गहराई 10 फीट थी। विद्यार्थी मूर्ति को विसर्जन के लिए तालाब में लगभग 50 फीट की दूरी तक ले गए। अचानक 13 विद्यार्थी फिसल गए और तालाब में गिर गए। यह देखकर एक विद्यार्थी श्री आर. टी. प्रभाकर ने अपनी जान के जोखिम की परवाह न करते हुए फौरन तालाब में छलांग लगा दी और एक-एक करके चार विद्यार्थियों को खींच कर तालाब के किनारे पर ले आए। पांचवें विद्यार्थी को बचाने की कोशिश में, श्री आर. टी. प्रभाकर स्वयं तालाब में गिर गए और अपनी जान गंवा दी।

2. श्री आर. टी. प्रभाकर ने 4 विद्यार्थियों की जान बचाने में साहस और सूझ-बूझ का परिचय दिया और बाद में एक और विद्यार्थी की जान बचाने की कोशिश में अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया।

(मरणोपरान्त)

3. श्री सुदामन डेविड,
मलाल मणाकुझी,
डाकघर तिरुमूझ,
जिला एर्नाकुलम,
केरल।

23-8-1995 को राउरकेला स्टील प्लांट के एक सेवानिवृत्त इंजीनियर, श्री सुदामन डेविड, झारसुगुडा-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस में राउरकेला से कलकत्ता की ओर जा रहे थे। रात को लगभग 8.15 बजे घातक हथियारों से लैस कुछ डाकू डकैती के लिए कम्पार्टमेंट में घुस आए। श्री डेविड ने अपनी जान के जोखिम की परवाह किए बिना अकेले ही डाकुओं से मुकाबला किया और दो को धक्का देकर कम्पार्टमेंट से बाहर फेंकने में कामयाब हो गए पर उनमें से एक डाकू ने चाकू से उन पर वार कर दिया जिससे उनकी तत्काल मृत्यु हो गई। इसके पश्चात 7 डाकुओं को गिरफ्तार कर लिया गया और खड़गपुर राजकीय रेलवे पुलिस स्टेशन द्वारा 24-8-95 को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 396 और शस्त्र अधिनियम की धारा 25/27 के तहत एक मामला दर्ज किया गया। इस प्रकार श्री सुदामन डेविड ने अन्य कई यात्रियों की जान और संपत्ति की रक्षा की और ऐसा करते हुए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया।

2. श्री सुदामन डेविड ने डाकुओं से यात्रियों की जान और संपत्ति की रक्षा करने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया और इस प्रक्रिया में दुर्भाग्यवश अपनी जान गंवा दी।

4. जी.एस-163069 एन. अधीक्षक,
बी./आर. ग्रेड-2 उधम सिंह,
गांव अतुज,
पो. आफिस, बिचपुरी, जिला आगरा,
उत्तर प्रदेश।

359 सड़क अनुरक्षण प्लाटून के जी. एस. 163069एन. अधीक्षक बी./आर. ग्रेड-2 उधम सिंह विश्व में मोटर योग्य सबसे ऊंची सड़क लेह-खरदुन्गला-खालसार सड़क पर जो 14800 से 18380 फुट के बीच की ऊंचाई पर स्थित है, बर्फ को हटाने के कार्यदल के प्रभारी थे यह सड़क सीमाओं की रक्षा के लिए सियाचिन ग्लेशियर, कराकोरम पास और शाइआक घाटी में तैनात भारतीय सैनिक टुकड़ियों के लिए एकमात्र जीवन रेखा है। 26 मई, 96 को जी. एस. 163069एन. अधीक्षक बी./आर. ग्रेड।। उधम सिंह ने एक इन्फेन्ट्री बटालियन को बेस कैम्प ले जा रहे एक काफिले को गुजरने देने के लिए देर रात 0130 बजे तक काम किया था। अगले दिन मौसम का हाल बहुत खराब था, तापमान शून्य से नीचे था और हवा 80 कि.मी./घंटा की रफ्तार से चल रही थी। खराब मौसम की परवाह न करते हुए उन्होंने सुबह 0500 बजे से बर्फ हटाने का कार्य शुरू कर दिया। 1000 बजे बर्फ का एक बड़ा पहाड़ खरदुंगला शिखर के पास से लुढ़का और एक डो80-ए12 डोजर व उसके आपरेटर जी.एस.-165506 ओ.इ.एम. पी. विजयन और दो सहायकों, केदार मौर्या और श्रीराम को अपनी चपेट में ले लिया। डोजर और तीन व्यक्ति घाटी में 200 फुट नीचे बर्फ के नीचे दब गए लम्बे आपरेशन के कारण पूरी तरह थके होने के बावजूद, श्री उधम सिंह अपने चार अधीनस्थ कर्मचारियों/मजदूरों सहित बर्फ के पहाड़ की ओर दौड़े आए। उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए बहुत ही खतरनाक मौसम में नेतृत्व का अपना उदाहरण पेश करते हुए उन्हें बचाव कार्य के लिए प्रेरित किया और बर्फ के पहाड़ों के गिरने के खतरे की परवाह किए बिना, वे नीचे घाटी में उतर गए, बर्फ को खोदकर हटाया, तीनों व्यक्तियों को वहां से निकालकर उन्हें लेह अस्पताल में पहुंचाने का कार्य किया। दुर्भाग्यवश, ओ.इ.एम. विजयन की अस्पताल जाते समय मौत हो गई। चारों अधीनस्थ कर्मचारियों/मजदूरों ने केवल सहायकों की भूमिका निभाई।

2. इस प्रकार सी.एस.-163069एल अधीक्षक बी./आर. ग्रेड 2 श्री उधम सिंह ने अत्यधिक खतरे और प्रतिकूल मौसम की परवाह न करते हुए अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया और तीन व्यक्तियों की जान बचायी।

5. मास्टर विजय कुमार उर्फ बिकाऊ (मरणोपरान्त)
सुपुत्र श्री शुकन महतो,
ग्राम सिमरीगोट,
थाना राजनगर,
जिला मधुबनी,
बिहार।

21 जनवरी, 1997 को सुबह 10.45 बजे जब श्री अमिताभ शुक्ल काम पर चले गए थे तभी उनके नानक पुरा (नई दिल्ली) स्थित आवास पर पार्सल देने के बहाने तीन सशस्त्र बदमाशों ने घर में प्रवेश किया। ज्यों ही उनकी पत्नी पार्सल को लेने के लिए आयीं तो उन पर चाकुओं से कई वार कर दिए। उनमें से एक बदमाश ने उनके चार वर्षीय पुत्र मास्टर मिहिर पर हमला करने का प्रयास किया। यह देखकर उनका घरेलू नौकर मास्टर विजय कुमार उसे बचाने के लिए आगे आ गया। हालांकि बदमाशों ने मास्टर विजय कुमार पर चाकू से निर्दयतापूर्वक वार किया और उसे कई गंभीर घाव आए जो भी उसने बदमाशों को मास्टर मिहिर को हाथ तक लगाने का मौका नहीं दिया। श्रीमती शुक्ल और मास्टर विजय को गंभीर रूप से घायल करके बदमाश वहां से भाग निकले। जबकि श्रीमती शुक्ल सहायता पाने के लिए घिसटते हुए सामने के द्वार तक आईं, मास्टर विजय मास्टर मिहिर को लेकर पीछे के दरवाजे की तरफ भागा। थोड़ी दूर जाकर वह गिर पड़ा।

2. बाद में दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। जबकि श्रीमती शुक्ल की जान तो बच गयी, मास्टर विजय कुमार की उसी शाम को चोटों के परिणामस्वरूप मौत हो गई।

3. मास्टर विजय कुमार ने हमले के एक मामले में एक बच्चे की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया और ऐसा करते हुए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया।

6. कुमारी पिंकी, (मरणोपरान्त)
पुत्री श्री होशियार सिंह,
ग्राम अदालपुर, डाकघर अकोदा,
जिला महेन्द्रगढ़,
हरियाणा।

26 सितम्बर, 1996 को कुमारी पिंकी स्कूल वैन में लगभग 40 अन्य बच्चों के साथ स्कूल से लौट रही थी। बैटरी के पास रखे एक पैट्रोल केन से कुछ पैट्रोल बैटरी पर बिखर गया जिस पर यात्रियों का ध्यान नहीं गया था। कुछ ही क्षणों में वैन में आग लग गयी। जबकि 6 बच्चों की वहीं मौत हो गई, 13 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। कुमारी पिंकी 5 बच्चों को वैन से बाहर धकेलकर उनकी जान बचाने में सफल हुई। ऐसा करते हुए उसने अपनी जान गंवा दी।

2. कुमारी पिंकी ने आग की दुर्घटना से पांच बच्चों की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया और इस प्रक्रिया में अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया।

एस. के. शरीफ
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 68-प्रेज/98—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "जीवन रक्षा पदक" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री चलासानी प्रभुकुमार चौधरी,
द्वारा चलासानी कोटेश्वर राव,
एम. आई. जी.-92, आटो नगर,
विशाखापट्टनम,
आंध्र प्रदेश।

2. श्री तनकाला सूर्यनारायणन,
चिन्नावरोपेट, उरजाम पोस्ट,
नरसन्नापेट मण्डल,
जिला श्रीकाकुलम,
आन्ध्र प्रदेश।

25-08-96 को लगभग प्रातः 6.10 बजे भारी बाढ़ के कारण आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस गुन्टूर जिले में वेमावरम (वी) के निकट एक स्थानीय नदी में गिर पड़ी। बस में चालक दल के 3 सदस्यों सहित 47 व्यक्ति थे। दुर्घटना के समय नदी में लगभग 8 फुट गहरा पानी था। पानी की तेज धारा बस को लगभग 3 से 5 फुट की दूरी तक बहाकर ले गई। सभी यात्री बस के अन्दर ही फंसे रह गए और उनके डूबकर मर जाने का खतरा था। यह देखकर पास खड़े एक तेल टैंकर के चालक श्री चलासानी प्रभुकुमार चौधरी तथा क्लीनर श्री तनकाला सूर्यनारायणन पानी में कूद गए तथा अपनी जान को जोखिम में डालकर उस स्थान तक गए और बचाव कार्य शुरू कर दिया। उन्होंने बस की खिड़कियां तोड़कर खोल डालीं तथा बस में फंसे हुए 25 यात्रियों को बाहर निकाल लिया। 13 व्यक्तियों को नहीं बचाया जा सका और उनकी मौत हो गई।

2. सर्वश्री चलासानी प्रभकुमार चौधरी तथा तनकाला सूर्यनारायणन ने पानी में डूबने से 25 यात्रियों को जान बचाने में साहस एवं तत्परता का परिचय दिया।

3. श्री सेट्टी मोलमन,
सुपुत्र श्री सुब्बा राव,
गांव डोकीपारु,
मेडीकोन्डूर मण्डल,
जिला गुन्टूर,
आंध्र प्रदेश।

25-08-96 को लगभग प्रातः 6-10 बजे भारी बाढ़ के कारण आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस गुन्टूर जिले में वेमावरम (वी) के निकट एक स्थानीय नदी में गिर

पड़ी। बस में बालक के 3 सदस्यों सहित 47 व्यक्ति थे। दुर्घटना के समय नदी में लगभग 8 फुट गहरा पानी था। पानी की तेज धारा बस को लगभग 3 से 5 फुट की दूरी तक बहा ले गई। सभी यात्री बस के अन्दर ही फंसे रह गए और उनके डूबकर मर जाने का खतरा था। यह देखकर श्री संट्टी सोलमन जिन्होंने लारी में से एक रस्सी निकलती देखी, तैरकर उस स्थान तक गए तथा अपनी जान को जोखिम में डालकर बचाव कार्य में जुट गए। रस्सी का एक सिरा बस से बांध दिया तथा दूसरा सिरा लारी से। बचा लिए गए कुल 34 व्यक्तियों में से रस्सी की सहायता से 4 बच्चों तथा 5 महिलाओं को सुरक्षित बचा लाने में सफल हुए। दुर्भाग्यवश शेष 13 व्यक्तियों की मौत हो गई।

2. श्री संट्टी सोलमन ने पानी में डूबने से 9 यात्रियों की जान बचाने में साहस एवं तत्परता का परिचय दिया।

4. श्री अजीत कुमार झा,
गांव बुद्धनगर राघे,
डाकखाना मुशाहरी,
जिला मुज्जफरपुर,
बिहार।

3-1-1994 को सुबह 6.30 बजे 120 व्यक्तियों को ले जा रही एक नाव जिला मुजफ्फरपुर के मुशाहरी ब्लाक में गांव बुद्धनगर राघे के निकट बूढी गंडक नदी में उलट गई। नाव में सवार सभी यात्री नदी में जा गिरे। यह देखकर श्री अजीत कुमार झा, जो अपनी ही नाव चला रहे थे, नदी में कूद पड़े तथा अपनी जान को जोखिम में डालकर अमृतराम, हफीज मियां और बिन्दु कुमारी नामक 3 व्यक्तियों को सुरक्षित बचा लिया। शेष नौ व्यक्तियों को नहीं बचाया जा सका तथा डूबने से उनकी मौत हो गई।

2. श्री अजीत कुमार झा ने अपनी जान को गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए तीन व्यक्तियों की जान डूबने से बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया।

5. श्री अरविन्द बेदी,
गांव श्रोहाली कोठी,
डाकघर पपरोला, तहसील बैजनाथ,
जिला कांगड़ा,
हिमाचल प्रदेश।

8-9-1997 को सिलसिलाए वस्त्रों के खुदरा व्यापारी श्री कार्तिक, जिनकी उम्र 24 वर्ष थी तथा जो मध्य प्रदेश के निवासी थे और 10 वर्ष से पपरोला में रह रहे थे श्रोहाली कोठी में 12-13 फुट गहरे एक खड्ड में कपड़े धोने गए। खड्ड के जल स्तर में अचानक वृद्धि हो जाने के कारण वे उसमें फिसल गए तथा जलधारा में बह गए। पास के ही एक स्कूल के छात्रों द्वारा चीखपुकार करने पर स्पोर्टस हॉस्टल, पपरोला में अभ्यासरत श्री अरविन्द बेदी घटनास्थल पर दौड़े आए। उस व्यक्ति को डूबते हुए देखकर वह अपनी जान के खतरे की परवाह न करते हुए नदी में कूद गए। उन्होंने कुछ दूरी पर जाकर कार्तिक को पकड़ लिया और उसे बेहोशी की हालत में बाहर निकाल लाए तथा इलाज के लिए तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती करा दिया। इस प्रकार उन्होंने उसकी जान बचायी।

2. श्री अरविन्द बेदी ने अपनी जान को जोखिम की परवाह न करते हुए श्री कार्तिक को जान डूबने से बचाने में सूझ बूझ तथा साहस का परिचय दिया।

6. श्री गिरधारी लाल,
गांव पंजेहर,
तहसील जयसिंहपुर,
जिला कांगड़ा,
हिमाचल प्रदेश।

7. श्री कल्याण सिंह,
गांव पंजेहर,
तहसील जयसिंहपुर,
जिला कांगड़ा,
हिमाचल प्रदेश।

8. श्री प्रवीण सिंह,
गांव पंजेहर,
तहसील जयसिंहपुर,
जिला कांगड़ा,
हिमाचल प्रदेश।

7-3-1997 को महाशिव रात्रि के दिन महिलाओं एवं बच्चों सहित 20-25 यात्री एक नाव में कुंजेश्वर मंदिर जा रहे थे। दुर्भाग्यवश नदी के बीचों-बीच नाव उलट गई जहां पानी लगभग 30 फुट गहरा था। उनकी चीखपुकार सुनकर नदी में नहा रहे श्री प्रवीण सिंह, श्री कल्याण सिंह तथा श्री गिरधारी लाल तत्काल ही घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने अपनी जान के जोखिम की परवाह किए बिना नदी में छलांग लगा दी तथा 7 से 12 वर्ष तक की आयु के 5-6 बच्चों सहित 20-25 व्यक्तियों की जान बचा ली।

2. सर्वश्री गिरधारी लाल, कल्याण सिंह तथा प्रवीण सिंह की सूझबूझ तथा साहसिक कार्य ने 20-25 व्यक्तियों को डूबने से जान बचा ली।

9. श्री इन्द्र सिंह धलवालिया,
सुपुत्र श्री कांशी राम,
गांव कल्लार,
डाकघर भदरोली कलां, तहसील घुमारवीं,
जिला बिलासपुर,
हिमाचल प्रदेश।

24-4-1997 को मास्टर अनिल कुमार, जो अपने माता-पिता के साथ नवां शहर, पंजाब से सैर-सपाटे के लिए आया हुआ था, एक गड्ढे (सरयाली गड्डा) में गिर पड़ा और डूबने लगा। कुछ व्यक्तियों की चीख-चिल्लाहट सुनकर दोपहर 2.30 बजे स्कूल से लौट रहे राजकीय माध्यमिक विद्यालय बरान के अध्यापक श्री इन्द्र सिंह अपनी जान को जोखिम की परवाह किए बिना 15-20 फुट की ऊंचाई से गड्ढे में कूद गए तथा डूबते हुए बच्चे

को बेहोशी की हालत में बाहर निकाल लाए और उसे अस्पताल ले गए । उस गड्ढे की चौड़ाई 58 फुट है तथा इस घटना के समय उसमें पानी 13 फुट गहरा था । यह घटना एक पुल के निकट घटी जहां पानी का प्रवाह बहुत तेज था ।

2. श्री इन्द्र सिंह ने अपनी जान के जोखिम की परवाह किए बिना अपनी सूझबूझ तथा साहसिक कार्य से एक बच्चे की डूबने से जान बचा ली ।

10. श्री मेहर चन्द ठाकुर,
गांव व डाकघर वशिष्ठ कोठी,
जगत सुख, जिला कुल्लू,
हिमाचल प्रदेश ।

5-9-1995 को कुछ थल सेना कार्मिक तथा उनके परिवारजन व्यास नदी में आई बाढ़ के कारण पानी से पूरी तरह घिरे हुए एस.ए.एस.इ. परिसर में फंस गए थे । थल सेना कार्मिकों तथा उनके परिवारजनों के लिए उस परिसर से बाहर निकल आना संभव नहीं था। क्योंकि बाढ़ के पानी से सभी निकास मार्ग अवरूद्ध हो गए थे । गांव के कुछ युवकों द्वारा यह सूचित किए जाने पर कि कुछ थल सेना कार्मिक एस.ए.एस.इ. परिसर में फंस गए हैं, श्री मेहर चंद ठाकुर ने जो निकटवर्ती वशिष्ठ गांव के निवासी हैं और जो बचाव कार्य में प्रशिक्षित हैं, बचाव सामग्री एकत्र की और घटनास्थल पर दौड़े आए । चार मंजिला इमारत से मदद के लिए चीखपुकार कर रहे वहां फंसे व्यक्तियों को देखकर उन्होंने रस्सा फेंका तथा उनसे इसे पास के पेड़ से बांधने को कहा और उसके बाद वे अकेले ही एक-एक करके उन्हें नदी के किनारे पर ले आए ।

2. श्री मेहर चंद ठाकुर ने अपनी जान को गंभीर जोखिम की परवाह किए बिना लगभग 150 कार्मिकों तथा उनके परिवारजनों की जान बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

11. श्री एन. एल. अंगदी,
पुत्र श्री लोकाजी अंगदी (शिक्षक),
हिलानली,
टांडा, तालुक सिंदगी,
जिला बीजापुर,
कर्नाटक ।

19-7-1996 को लगभग सुबह 10.00 बजे कुमारी फातिमा (9 वर्ष) हामल कालोनी में अपने घर के पास सड़क के किनारे पर बने एक कुंए से पानी खींचते समय दुर्घटनावश कुएं में गिर पड़ी । 15 फुट गहरे तथा 15 फुट चौड़े उस कुएं पर बचाव के लिए पर्याप्त फेंसिंग भी नहीं थी । दुर्घटना के समय कुएं में पानी लगभग 10 फुट गहरा था । उसकी चीखपुकार सुनकर श्री एन. एल. अंगदी जो जगदम्बा कन्नड़ बायज हायर प्राईमरी स्कूल के हेडमास्टर थे और जो स्कूल जा रहे थे, उस ओर दौड़े और कुएं में छलांग लगा दी तथा लड़की को सुरक्षित बचा ले आए । श्री अंगदी ने, जिनका हाल ही में अपेंडिसाइटिस का आपरेशन हुआ था, अपना स्वास्थ्य अच्छा न होने के बावजूद बिना हिचकिचाहट के जीवन रक्षक कार्य किया ।

2. श्री एन. एल. अंगदी ने अपनी जान के जोखिम की परवाह किए बिना एक लड़की की जान बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

12. मास्टर नागप्पा,
पुत्र मजुंनथप्पा,
निवासी डी.एन. डोडी, लक्कूर हुबली,
मलूर तालुक, जिला कोलार,
कर्नाटक ।

20-12-1996 को कोल्लार जिले की 26 वर्षीय कोई श्रीमती गुरम्मा पास के कुंए से पानी लाते समय फिसल गई और कुएं में जा गिरी । जब वह कुएं में डूबने ही वाली थी तभी एक 12 वर्षीय लड़के, नागाप्पा सुपुत्र मंजुनप्पा ने जिसने इस घटना को देखा था, उसे बचाने के लिए कुएं में छलांग लगा दी । कुएं की लम्बाई 44 फुट, चौड़ाई 26 फुट तथा गहराई 15 फुट थी तथा दुर्घटना के समय उसमें 13 फुट गहरा पानी था । उस कुएं पर कोई दीवार नहीं बनी थी । नागाप्पा तैरकर श्रीमती गुरम्मा को उसके बालों को पकड़ कर कुएं से बाहर निकालने में सफल हुआ । उसके बाद उसने फौरन उसके पति को भी सूचित किया जो उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गया ।

2. अपनी जान को जोखिम में डालकर मास्टर नागप्पा ने श्रीमती गुरम्मा की जान बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया

13. श्री अरूण थामस,
मकान सं. 111/जे-3, गोविन्द नगर,
कैरास्को वाडो
लुइस इंडस्ट्रीयल एस्टेट,
डाकघर—मापुसा, बारदेज,
गोवा ।

4-5-97 को लगभग दोपहर 1.30 बजे बेलियाबाग में सैंट माइकल्स चर्च में आयोजित फर्स्ट होली कम्यून समारोह में भाग लेने के बाद एक श्री अरूण थामस अपने माता/पिता संबंधियों व अन्य लोगों के साथ एक निजी नाव "धनलक्ष्मी" में वापस लौट रहे थे । जब नाव मोजुसचोरी जेट्टी के पास पहुंची तो मास्टर आदर्श (4 वर्ष) अचानक नदी में गिर पड़ा । इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से नाव में सवार सभी लोग हतप्रभ रह गए । कोई भी उस असहाय बच्चे को बचाने के लिए सहास नहीं जुटा पा रहा था । यह देखकर श्री अरूण थामस ने प्रचंड नदी में छलांग लगा दी और पानी में काफी देर तक संघर्ष करने के बाद तथा नाव में सवार अन्य व्यक्तियों की मदद से उस बच्चे को बचाने में सफलता प्राप्त की ।

2. श्री अरूण थामस ने अपनी स्वयं की जान को जोखिम की परवाह किए बिना एक बच्चे की जान बचाने में सहास और तत्परता का परिचय दिया ।

14. श्री एडीसन वर्गीस,
कुरीतरा हाउस,
पुलिनकुन्नु डाकघर,
जिला अल्लपाझा,
केरल ।

28-5-1997 को एक होटल में काम करने वाला प्रवीण नामक एक 18 वर्षीय लड़का इडुक्की जिले में मारियल कडावु में लोअरपुझा नदी के उथले भाग में स्नान करते समय गहरे पानी में फिसल गया । लड़का पानी के तेज प्रवाह में बह गया और डूबने लगा । उस दिन मूलामटम पावर हाउस से आ रहे पानी के कारण नदी में उफान आया हुआ था । अनेक लोगों ने इस दुर्घटना को देखा, परन्तु इस असहाय लड़के की जान बचाने के लिए तूफानी जल में कूदने का कोई भी साहस नहीं कर सका । यह देखकर दूसरी ओर स्नान कर रहे श्री एडीसन डूबते हुए बच्चे को बचाने के लिए तैर कर उस ओर आए, और डूबते हुए लड़के को मजबूती से पकड़ लिया और तैर कर नदी के किनारे पर ले आए ।

2. श्री एडीसन ने अपनी जान के जोखिम की परवाह किए बिना एक लड़के की जान बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

15. श्री जी. जयचन्द्रन पिल्लै,
पुकुवल पुत्तन वीडु,
चौन्डाकुन्नु, माधवपुरम,
पो. टिटेनियम,
तिरुवनन्तपुरम,
केरल ।

3-11-1996 को लगभग शाम 2.30 बजे दक्षिण अफ्रीका के एक दम्पति और बंगलौर के एक परिवार के तीन सदस्यों सहित, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है, 5 पर्यटक—वेली पर्यटक झील, तिरुवनन्तपुरम में नौकायन का आनन्द ले रहे थे । तभी अचानक बीचों-बीच नाव उलट गई और पर्यटक झील में गिर गए । वे मदद के लिए चीखने-चिल्लाने लगे । उनकी पुकार सुनकर, झील के किनारे लोग इकट्ठे हो गए किन्तु कोई भी उनके बचाव के लिए आगे नहीं आया । यह देख कर दुर्घटना स्थल से लगभग 75 मीटर दूर झील की दूसरी ओर खड़े श्री जयाचन्द्रन पिल्लै मदद के लिए दौड़े आए और नाव के चालक की मदद से एक-एक करके सभी पांचों पर्यटकों को बचा लिया । बहादुरी के इस कार्य से प्रत्येक व्यक्ति को बचाने के लिए उन्हें 100 मीटर तक तैरना पड़ा । वे एक-एक करके हर व्यक्ति के बाल पकड़ कर उन्हें किनारे पर ले आए ।

2. श्री जी. जयाचन्द्रन पिल्लै ने अपनी जान के जोखिम की परवाह न करते हुए वेल्ली झील में 5 व्यक्तियों की डूबने से जान बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

16. श्री एम. डी. शशिधरन,
माडापल्लील हाउस,
मडामोन,
वडसेरीकड़ा,
जिला पत्तनमतित्ता,
केरल ।

हर वर्ष सबरीमाला ऋतु में बड़ी संख्या में सबरीमाला तीर्थयात्री पम्बा नदी के तट पर "कडवु" में, जो सबरीमाला जाने के रास्ते में पड़ता है, स्नान के लिए आते हैं । नदी के इस हिस्से की गहराई 20 फुट है और चौड़ाई करीब 50 मीटर है । पानी एक तरफ कटे हुए हिस्से से आता है जो कि मुख्य मनराकुलंजी-सबरीमाला रोड से करीब 70 फुट की ऊंचाई पर है । इस स्थल पर धारा का प्रवाह बहुत तेज है । 16-12-1994 को सबरीमाला ऋतु के मध्य में, श्री एम. डी. शशिधरन ने जो लोक निर्माण विभाग में मल्लाह हैं, मडमान वल्लाकडवु पर विभिन्न राज्यों के 2 सबरीमाला तीर्थ यात्रियों को बचाया जो अचानक पम्बा नदी में मडमान कडवु पर नदी में गिर गए थे । उन्होंने इस तरह के साहस का परिचय पहले भी दिया है और 30-11-91 को तीन व्यक्तियों, 3-12-91 को एक व्यक्ति, 15-12-92 को एक व्यक्ति और 14-12-93 को 3 व्यक्तियों के भी प्राण बचाए हैं ।

2. श्री एम. डी. शशिधरन ने पम्बा नदी में 2 व्यक्तियों की डूबने से जान बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया है ।

17. श्री एन. चन्द्रन,
पुत्र श्री प्रभाती,
मदथिल हाउस, तेवरकुलम,
पो. कोडुवयूर, पालकाड,
केरल ।

31-3-96 को लगभग सायं 5.00 बजे श्री चन्द्रन तेवरकुलम तालाब में नहाने के लिए गए । बंद पर पहुंच कर उन्होंने देखा कि तालाब में एक युवक जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है । घटना के समय तालाब का जलस्तर 4 मीटर था । इसे देखकर, श्री चन्द्रन शारीरिक रूप से विकलांग होते हुए भी तालाब में कूद पड़े और अपनी जान को जोखिम की परवाह न करते हुए युवक को बचाकर सुरक्षित स्थान तक ले आए ।

2. शारीरिक रूप से विकलांग होते हुए भी श्री एन. चन्द्रन ने अपनी जान की परवाह किए बिना एक व्यक्ति को तालाब में डूबने से बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

18. श्री नजीर,
पुत्र अब्,
कोलमपराम्बिल हाउस,
अझीकोड जेट्टी,
अझीकोड गांव,
कोडुंगल्लूर तालुक,
त्रिशूर जिला,
केरल ।

24-6-1996 को जब पांच मछुआरे मछली पकड़ने के लिए गहरे समुद्र की ओर बढ़ रहे थे तभी समुद्र तट से 8 कि. मी. की दूरी पर केरल के त्रिशूर जिले के कोडुंगल्लूर तालुक के अझीकोड में नाव उलट गई। जब इस दुर्घटना की सूचना तटवर्ती क्षेत्र में पहुंची तब श्री नजीर दौड़ कर घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने समुद्र में छलांग लगा दी और उन चार मछुआरों की जान बचाने में मदद की जो समुद्र में जीवन के लिए संघर्ष कर रहे थे। दुर्भाग्यवश पांचवें मछुआरे, श्री सैद की उस समय तक मौत हो चुकी थी।

2. श्री नजीर के वीरतापूर्ण, साहसिक और सामयिक कार्य के कारण चार व्यक्तियों की जान बचायी जा सकी, हालांकि ऐसा करने में स्वयं उनकी जान को खतरा था।

19. सुश्री पी. सुशीला,
पुत्री पी. जानकी अम्मा,
पल्लाट हाउस,
तिरुवनवाड,
त्रिशूर जिला,
केरल।

28-9-1996 को लगभग शाम को 5 बजे सुश्री पी. सुशीला खरीदारी के लिए बाजार जा रही थीं। रास्ते में उन्हें उत्तर से दक्षिण दिशा की ओर जाने वाली दोहरी रेलवे लाइन पार करनी पड़ी। जब वह क्रासिंग पर पहुंची तो पहली पटरी पर एक रेलगाड़ी दक्षिण की ओर आ रही थी। जब रेलगाड़ी गुजरी तो उन्होंने देखा कि तीन व्यक्ति (अर्थात् श्रीमती लक्ष्मी अम्माल दादी, उनकी पुत्रवधू और उसका 4 वर्षीय पुत्र) पटरी के किनारे-किनारे उत्तर की ओर जा रहे थे। दादी पीछे छूट गई थी। उस समय बंगलौर जा रही आईलैण्ड एक्सप्रेस रेलगाड़ी उनके पीछे से आते हुए उत्तर की ओर बढ़ रही थी। जब दादी ने रेलगाड़ी की आवाज सुनी तो वह जड़ हो गई। सहायता के लिए उनकी आवाज सुनकर, पुत्रवधू उन्हें खतरे से बचाने के लिए पीछे मुड़कर दौड़ी परन्तु उसका प्रयत्न निष्फल सिद्ध हुआ। सास गाड़ी के नीचे आ चुकी थी इस बीच बच्चा पुत्रवधू से अकेला छूट गया था। बच्चे को उस रेल की पटरी पर देखकर, जिस पर रेलगाड़ी तेजी से बढ़ती चली आ रही थी, सुश्री सुशीला दौड़ी और अपने जीवन को भयंकर खतरे में डालकर पटरी पर साहसपूर्वक कूद पड़ी। बड़ी फिरती से पटरी पर छलांग लगाकर बच्चे को गाड़ी के सामने से खींच लिया। सास ने तो दम तोड़ दिया था, परन्तु पुत्रवधू को चोटें आईं और उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया।

2. सुश्री पी. सुशीला ने अपनी जान को गंभीर जोखिम में डालकर 4 वर्षीय बालक को रेलगाड़ी से कुचले जाने से बचाने में साहस और सूझबूझ का परिचय दिया।

20. श्री पुतालाल वीरांकुट्टी,
पुतालालहाउस,
पुलाकोड गांव,
कोझिकोड तालुक,
कोझीकोड जिला,
केरल।

12-1-1997 को दो बच्चे और उनकी सौतेली मां चेरुपरावाझीगीपुझा (वालसंगलम पंचायत, कोझीकोड जिला, केरल राज्य) में नहा रहे थे तो पानी की तेज धारा में बह गए। घटना स्थल पर मौजूद लोगों की चीख चिल्लाहट सुन कर आस-पास मौजूद एक ग्रामीण मछुआरे वीरांकुट्टी ने नदी में छलांग लगा दी और उन्हें डूबने से बचा लिया। राज्य सरकार के अनुसार, श्री वीरांकुट्टी विगत में भी विभिन्न अवसरों पर छः लोगों की जान बचाने में सहायक हुआ था।

2. श्री पुतालाल वीरांकुट्टी ने अपनी जान को जोखिम में डालकर तीन व्यक्तियों को डूबने से बचाने में साहस और सूझबूझ का परिचय दिया।

21. श्री सी. एच. लक्ष्मण,
पुत्र सुन्दरा पारोप्पीड चेनावकोड,
मधुर गांव,
पो. हिदायत नगर,
कासारगोड जिला,
केरल।

28-9-1996 को सुबह 10 बजे श्रीमती सीतावती अपनी 15 और 9 वर्ष की दो पुत्रियों के साथ कासारगोड जिले के मधुर गांव के एक तालाब पर स्नान करने और कपड़े धोने के लिए गई थीं। तालाब में पानी 12 से 15 फीट गहरा था। जबकि मां कपड़े धो रही थी तभी छोटी लड़की अचानक तालाब में गिर पड़ी। बड़ी लड़की ने अपना हाथ बढ़ाकर उसे बाहर खींचने की कोशिश की परन्तु वह भी तालाब में आ गिरी। इसे देखकर मां अपने बच्चों को बचाने के लिए दौड़ी, परन्तु वह भी तालाब में गिर पड़ी। मदद के लिए उनकी गुहार सुनकर श्री सी. एच. लक्ष्मण घटनास्थल पर दौड़ा आए और अपनी जान को जोखिम में डालकर तालाब में कूद पड़े तथा एक-एक कर तीनों को बाहर निकाल कर सुरक्षित किनारे तक पहुंचाया।

2. श्री सी. एच. लक्ष्मण के सामयिक और साहसिक कार्य के कारण तीन व्यक्तियों की जान बच सकी।

22. कांस्टेबल अब्दुल रहमान,
द्वारा पुलिस अधीक्षक,
दुर्ग,
मध्य प्रदेश।

20-12-1995 को लगभग रात्रि 9.30 बजे इन्दी बाजार, दुर्ग (म. प्र.) में लगी आग ने श्री अशोक जैन की बीड़ी/तम्बाकू की दुकान और श्री मनमल जैन की कपड़े की दुकान को जलाकर राख कर दिया। दुर्ग थाने में सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर एस. के. ए. नकवी की अगुवाई में एक टीम घटना स्थल

पर पहुंची। श्री मनमल जैन की आग में फंसे होने की बात जानकर, पुलिस टीम का एक सदस्य अब्दुल रहमान अपनी जान की परवाह न करते हुए आग में कूद पड़ा और श्री जैन को बचा लिया।

2. कांस्टेबल अब्दुल रहमान ने अपनी जान को जोखिम में डालकर एक व्यक्ति की जान बचाने में पहल, तत्परता और साहस का परिचय दिया।

23. कांस्टेबल जगदीश सिंह,
कांस्टेबल सं.-140,
पुलिस स्टेशन बरेला,
जि. जबलपुर,
मध्य प्रदेश।

4.2.1996 को लगभग प्रातः 7 बजे जब कांस्टेबल जगदीश सिंह कुछ व्यक्तियों को समन तामिल करने जा रहा था तभी उसने एक कुंए के पास कुछ औरतों की चीख पुकार सुनी। दौड़कर वह घटनास्थल पर पहुंचने पर उसने पाया कि एक 14 वर्षीय लड़की कुंए में गिर पड़ी थी। कुंआ 100 फुट गहरा था और उसमें पानी भरा हुआ था। असहाय लड़की हताश होकर मदद की गुहार कर रही थी परन्तु वहां एकत्र भारी भीड़ में से कोई भी उसे बचाने का साहस न बटोर सका क्योंकि बचाने वाले की जान के लिए भी खतरा था। इसे देखकर कांस्टेबल जगदीश सिंह ने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए पूरी वर्दी पहने हुए ही कुंए में छलांग लगा दी। डूबने वाली लड़की ने उसे कसकर पकड़ लिया। 30 मिनट के कड़े संघर्ष के बाद वह लड़की को सुरक्षित बचाने में सफल रहा। लड़की को केवल मामूली चोटें आईं। उसके इस साहसिक कार्य की अखबारों, नगर पंचायत और आम जनता ने प्रशंसा की।

2. कांस्टेबल जगदीश सिंह ने 14 वर्षीय लड़की को कुंए में डूबने से बचाने में अनुकरणीय पहल, तत्परता और साहस का परिचय दिया।

24. मास्टर मेघराज थापा, (मरणोपरांत)
7वां मिल्स अपर शिलांग,
ईस्टर्न एयर कमांड हेडक्वार्टर्स,
ईस्ट खासी हिल्स जिला मेघालय।

12 मई, 1997 को लगभग सुबह 8.30 बजे राम गोरखा हाईस्कूल, अपर शिलांग की 7वीं कक्षा का छात्र मास्टर मेघराज थापा (15 वर्ष) अपने छः अन्य साथियों के साथ अपर शिलांग स्थित एलीफेंटा फाल्स के पास खेलने के लिए गया था। लगभग 11 बजे उनमें से एक छात्र मास्टर किशन सिंह (11 वर्ष) जब नदी के किनारे से फूल तोड़ रहा था तो फिसल कर तेज बहते गहरे पानी में गिर पड़ा और डूबने लगा। उस स्थान पर नदी की गहराई 15-20 फीट थी। इसे देखकर और यह जानकर कि मास्टर किशन सिंह तैरना नहीं जानता था, मास्टर मेघराज थापा धारा में कूद पड़ा और मास्टर किशन सिंह को सुरक्षित बचाने में सफल रहा। ऐसा करते समय, उसकी एक टांग पानी के बीच पड़े पत्थरों में फंस गई। वह अपने आपको नहीं बचा सका और डूब गया जिस समय उसे पानी से बाहर निकाला गया तब तक काफी देर हो चुकी थी और वह दम तोड़ चुका था।

2. मास्टर मेघराज थापा ने जीवन को गंभीर खतरा होते हुए भी अपने मित्र की जान बचाने के लिए उत्कृष्ट साहस, वीरता और सूझबूझ का परिचय दिया तथा ऐसा करते हुए उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान कर दिया।

25. प्यू. एच. हरंगलिना,
प्रधानाध्यापक, लुंगडियान,
छिमतुईपुई जिला,
मिजोरम।

दिनांक 18-3-1996 को लुंगडियान के ग्रामीणों ने यह निश्चय किया कि झूम की खेती के लिए पास के खेतों/जंगल को जला दिया जाए और साफ कर दिया जाए। इस काम पर तैनात ग्रामीणों ने अपने आपको 3 दलों में बांट लिया और अपने-अपने स्थान की ओर जाने के लिए अलग-अलग चले गए, जबकि उन्हें अन्य दलों की जगह/स्थान स्थिति की जानकारी नहीं थी। तीसरे दल के पहुंचने का इन्तजार किए बिना पहले दल ने झूम में आग लगा दी। इस कारण 58 वर्षीय वृद्ध प्यू. नगूनहमूंगा तेजी से फैल रही आग में फंस गए। चूंकि वह पूरी तरह से आग में घिर गए थे, इसलिए तेज आग से बचकर निकलने का कोई रास्ता नहीं था। बुरी तरह डरे हुए और पूर्णतया गतिहीन प्यू. नगूनहमूंगा को तेज आग में रहने दिया गया। ऐसे मौके पर जीवन को जोखिम और खतरे की परवाह न करते हुए प्यू. एच. हरंगलिना आग में चले गए और प्यू. नगूनहमूंगा को सुरक्षित बाहर निकाला जब कि उनके दल के अन्य तीन सदस्य किसी प्रकार की सहायता करने का साहस नहीं जुटा पाए और वे केवल दर्शक बने रहे।

2. प्यू. एच. हरंगलिना ने 19-5-1994 को भी इसी प्रकार का बहादुरी का कार्य किया था जब उन्होंने प्यू. एल. पियांगा की जान कलोडाइन नदी में डूबने से तब बचाई जब प्यू. एल. पियांगा अकस्मात नदी में गिर गए और नदी के तेज बहाव में बह गए थे।

3. प्यू एच. हरंगलिना ने अपनी जान को गम्भीर जोखिम की परवाह न करते हुए एक वृद्ध व्यक्ति की जान बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया।

26. प्यू. टी. दुआईलीवा,
तलानगनुअम वेंगथर,
आइजौल,
मिजोरम।

दिनांक 23-7-1997 की रात मिजोरम राज्य के आइजोल जिले में बहुत तेज आंधी आई और मूसलाधार वर्षा हुई। उस रात लगभग 11 बजे टैक्सी ड्राईवर श्री टी. दुआईलीवा जब अपनी सवारियों को छोड़कर घर लौट रहे थे तब उन्होंने छोटे से गांव तुइखुरहलू में सड़क की ओर से (राष्ट्रीय राजमार्ग 54) किसी महिला की चीख सुनी। पूरा अंधेरा होने और

बिजली न होने के कारण वह कुछ नहीं देख सके । तथापि वह अपनी टैक्सी से उतरे और कीचड़ वाले रास्ते से उस ओर गए जिधर से चीखें आ रही थीं । उनके हाथ-पांव कीचड़ में धंस गए थे । उन्होंने देखा कि भूस्खलन के कारण पहाड़ी पर बना एक घर बह गया था । बहुत सी खरोंच आ जाने और चोट लगने के बावजूद वह ढालू कीचड़ के नीचे से आ रही महिला की चीख की आवाज की ओर बढ़े ।

2. अपनी स्वयं की जान की परवाह न करते हुए उन्होंने महिला को बचाया और वह अंधेरे और तूफान में रास्ता बनाते हुए ढालू कीचड़ से महिला को अपने कंधे पर सड़क पर सुरक्षित स्थान पर ले आए क्योंकि उस महिला की कमर की हड्डी जगह से हट जाने और फ्रैक्चर हो जाने के कारण स्वयं नहीं चल सकती थी । पीड़ित महिला को अगले दिन अस्पताल में दाखिल किया गया ।

3. यह भूस्खलन इतना प्रचण्ड और विध्वंसक था कि वह घर की मलबे और घर के सामान को मूल स्थान से लगभग 1 कि. मी. दूर और उस महिला को लगभग 100 फुट दूर तक ले गया । इस भूस्खलन में घर के मालिक की मृत्यु हो गई और उनका शव घर के मूल स्थान से 1 कि. मी. दूर मिला ।

4. श्री टी. दुआईलोवा ने स्वयं की जान को खतरे की परवाह न करते हुए बहुत प्रतिकूल परिस्थितियों में एक महिला की जान बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

27. श्री बिचित्र मलिक,
ग्राम बधुवासुनी,
थाना राज कनिका,
जिला केन्द्रपाड़ा,
उड़ीसा ।

दिनांक 4-6-97 को पूर्वाह्न लगभग 11 बजे लगभग 38 वर्ष के श्री हरिहर मलिक अपने पुराने और प्रयोग न किए जा रहे कुएं को मरम्मत करने के लिए उसमें गए । कुआं लगभग 20 फुट गहरा है और घटना के समय कुएं में पानी 6 फुट गहरा था । जब हरिहर मलिक कुएं में गए, वहां जहरीली गैस थी जिसके कारण वह बाहर नहीं आ सके और कुएं में डूब गए । यह देखकर, हरिहर मलिक के चचेरे भाई श्री हेमन्त मलिक, श्री हरिहर मलिक को बचाने के लिए कुएं में गए । परंतु जहरीली गैस के प्रभाव के कारण वह भी कुएं से बाहर नहीं आ सके । इसके बाद हरिहर मलिक के छोटे भाई श्री निराकार मलिक ने उक्त दो व्यक्तियों को बचाने की कोशिश की परंतु अपने प्रयास में असफल रहे और वह भी कुएं में फंस गए । उक्त तीन व्यक्तियों को बचाने के लिए, हरिहर मलिक के बड़े भाई श्री महन्ता उर्फ अलेखा प्रसाद मलिक कुएं में गए परन्तु उन पर भी जहरीली गैस का असर हो गया और कुएं से बाहर नहीं आ सके ।

2. इस संकटकालीन स्थिति में कुएं से बाहर इकट्ठे हो गए व्यक्तियों में से बाहरी व्यक्ति और रिक्शा चालक श्री बिचित्र मलिक स्वयं की जान को खतरे की परवाह न करते हुए रस्सी से कुएं में गए तथा दो व्यक्तियों अर्थात् श्री महन्ता उर्फ अलेखा प्रसाद मलिक और श्री निराकार मलिक, जो तब तक बेहोश हो गए थे, की जान बचाई । उन्हें इलाज के लिए तुरंत अस्पताल ले जाया गया और वे बच गए । श्री हरिहर मलिक को घटना स्थल पर बाद में पहुंचे फायर ब्रिगेड ने बाहर निकाला, उनकी अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

3. श्री बिचित्र मलिक ने अपनी जान को गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए दो व्यक्तियों की जान बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

28. श्रीमती अनीता यादव (मरणोपरान्त)
पत्नी श्री कृपा दयाल यादव,
पार्षद खैरली मण्डी,
जिला अलवर,
राजस्थान ।

29. श्री गोपाल नेपाली, (मरणोपरान्त)
मोहल्ला कजोड़िका,
खैरली गंज, खैरली,
जिला अलवर,
राजस्थान ।

16-17 दिसम्बर, 1996 की रात्रि को घातक हथियारों से लैस कुछ डाकू श्री संतोष जय भगवान के घर में घुसे । चौकीदार की चिल्लाहट तथा गोलियों की आवाज सुनकर श्री कृपा दयाल यादव तथा उनकी पत्नी श्रीमती अनीता यादव अपने पड़ोसी की मदद लिए दौड़े तथा डाकुओं को पकड़ने की कोशिश की । उसी समय एक डाकू ने श्रीमती अनीता यादव पर गोली चला दी । श्रीमती यादव की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । श्री संतोष जय भगवान के नौकर श्री गोपाल नेपाली भी सशस्त्र डाकुओं से भिड़ गया तथा अपनी जान के जोखिम की परवाह न करते हुए एक लकड़ी के डण्डे के साथ बहादुरी से सशस्त्र डाकुओं से लड़ा । इस हाथापायी में डाकुओं ने उसे भी गोली से मौत के घाट उतार दिया । इस घटना की सूचना प्राप्त होने पर बाद में पुलिस ने इस घटना में शामिल 8 डाकुओं को गिरफ्तार कर लिया ।

2. श्री संतोष जय भगवान के जानमाल की रक्षा करने के प्रयास में श्रीमती अनीता यादव तथा श्री गोपाल नेपाली ने साहस एवं तत्परता का परिचय दिया तथा ऐसा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया ।

30. श्री अजीज-उर-रहमान,
मदर कलोनी,
मस्जिद के पास,
बांसवाड़ा,
राजस्थान ।

31. श्री हरी राम यादव,
वर्कशाप राजस्थान राज्य सड़क परिवहन निगम,
बांसवाड़ा,
राजस्थान ।

